Seventeenth Loksabha

an>

title: Need to reduce GST rate on marble and granite stones of Rajasthan.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर) : माननीय सभापति महोदय, आपने ऐतिहासिक दिन के अवसर पर मुझे बोलने का अवसर दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैंने चुनाव में यह कहा था कि जो धारा 370 है, हमारे सिद्ध पुरुष प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो बलिदान दिया है, धारा 370 और 35ए को प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी हटाएँगे । आज यह ऐतिहासिक दिन है । मैंने अपने लोक सभा क्षेत्र में जनता से यह वायदा किया था कि आप मुझे जिताइये, नरेन्द्र भाई मोदी जी प्रधान मंत्री बनेंगे, गृह मंत्री अमित शाह जी और रक्षा मंत्री जी ने एक ऐतिहासिक काम किया है । आज 5 अगस्त एक ऐतिहासिक दिन है । मैंने जनता से जो वायदा किया था कि धारा 370 और 35ए हटेगी, आधा काम तो मेरा हो गया । सभापति महोदय, आप मुझे एक मिनट और दे दीजिए ।

माननीय सभापति : आप जल्दी खत्म कीजिए ।

श्री भागीरथ चौधरी : हमारे देश में राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है, जिसमें मार्बल और ग्रेनाइट का सबसे ज्यादा भंडार है । हमारे 23 जिलों में मार्बल और ग्रेनाइट हैं । सभापति महोदय, मेरा एक निवेदन है कि हमारा जो स्वदेशी मार्बल है, यदि कृषि के बाद कोई क्षेत्र सबसे ज्यादा रोजगार देता है तो मार्बल देता है । राजस्थान में 75 लाख लोग इससे जुड़े हुए हैं । मेरा आपसे निवेदन है कि जो 18 परसेंट जीएसटी लगा हुआ है, पहले 5 परसेंट सेल्स टैक्स था, तब तीन गुना रेवेन्यू मिल रहा था ।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : ठीक है ।

श्री भागीरथ चौधरी : सभापति जी, 30 सैकेंड और दे दीजिए ।

माननीय सभापति : आप बोलिए ।

श्री भागीरथ चौधरी : सभापति महोदय, आपकी मेहरबानी चाहिए । मेरा निवेदन है कि 10 हजार करोड़ रुपये का जो व्यापार है, वह सारा बंद सा हो गया है । मेरा निवेदन है कि एक बार आप मार्बल और ग्रेनाइट पर जीएसटी कम कीजिए, मैं वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि एक बार कम करके देख लें, रेवेन्यू भी बढ़ेगा और व्यापार भी चलेगा ।

माननीय सभापति : ठीक है । श्री रमेश बिधूड़ी ।